‘किसान कवच’

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय** ने भारत का पहला **कीटनाशक रोधी बॉडीसूट**, ‘किसान कवच’ का अनावरण किया, जो **रसायनों को त्वचा के संपर्क** में आने से रोकता है।

- **किसान कवच:** किसानों को **कीटनाशकों के संपर्क में आने से होने वाले हानिकारक प्रभावों** से बचाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है, जो **श्वास संबंधी विकार, दृष्टि हानि और चरम स्थितियों में, मृत्यु सहित** विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का कारण बनता है।
  - इसमें **'ऑक्सीम फैब्रिक' तकनीक का उपयोग** किया जाता है, जो छिड़काव के दौरान **कपड़े या शरीर पर छिड़के जाने वाले** किसी भी सामान्य कीटनाशक को रासायनिक रूप से विघटित कर सकता है।
  - इस सूट की मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रिया में सूती कपड़ा **न्यूक्लियोफिलिक हाइड्रोलिसिस** के माध्यम से संपर्क में आने वाले कीटनाशकों को निष्क्रिय करता है।
  - इसे **ब्रिक-इनस्टेम, बेंगलूरू द्वारा सेपियो हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड** के सहयोग से विकसित किया गया है।
- **कीटनाशक का उपयोग:** [खाद्य और कृषि संगठन (FAO)](#) के अनुसार, भारत में वर्ष 2020 में **61,000 टन** से अधिक कीटनाशक का उपयोग किया गया है।
  - भारत अपने उपयोग से लगभग **चार गुना** अधिक कीटनाशक का उत्पादन करता है।
- **कीटनाशक विषाक्तता:** तीव्र कीटनाशक विषाक्तता से प्रत्येक वर्ष **विश्वभर में 385 मिलियन लोग प्रभावित** होते हैं, जिससे **11,000 लोगों की मृत्यु** हो जाती है तथा **दक्षिण एशिया** इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित है।

और पढ़ें: [कीटनाशक विषाक्तता](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kisan-kavach